रोहित कुमार सिंह
आई.ए.एस.

सत्यमेव जयते

अतिरिक्त मुख्य सचिव
चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग
राजस्थान सरकार

अ.शा.पत्र क्रमांकः IDSP/20/131
जयपुर, दिनांक : 31-01-2020

प्रिय डॉ॰ सिंह सा॰,

मैं आपका ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाहूँगा कि वर्तमान में ''कोरोना वायरस'' रोग चीन से प्रारम्भ होकर अनेक देशों में फैल रहा है। इस संबंध में कोरोना वायरस रोग से बचाव, नियन्त्रण, उपचार, जाँच व प्रचार–प्रसार आदि कार्य चिकित्सा विभाग द्वारा किये जा रहे हैं। इस संबंध में चीन की यात्रा कर लौटे व्यक्तियों की पहचान कर उन्हें तत्काल चिकित्सा सुविधा दी जानी है।

इस संदर्भ में राज्य सरकार द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि दिनांक 15.01.2020 से होटलों में आने वाले विदेशियों में से चीन से आने वाले समस्त पर्यटकों की चिकित्सा विभाग द्वारा स्क्रीनिंग की जानी है। अतः आपसे अनुरोध है कि आप अपने स्तर से समस्त जिला पुलिस अधीक्षकों को निर्देशित कराते हुए, चीन से आये पर्यटकों की सूची जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को उपलब्ध कराने का श्रम करावें।

सादर.

भवन्निष्ठ,

31/01/2020

(रोहित कुमार सिंह)

डॉ.भूपेन्द्र सिंह
पुलिस महानिदेशक,
राजस्थान।

कमरा न. 5208, मुख्य भवन, शासन सचिवालय, जयपुर-302005 फोन : +91 141-2227666, फैक्स : +91 141-2227797
ई-मेल : phs@rajasthan.gov.in, rohitksingh@gmail.com